प्रसार भारती
भारतीय प्रसारण निगम
आकाशवाणी केन्द्र शिमला
22.03.2026 / प्रादेशिक समाचार / 09:20बजे

''आज के मुख्य समाचार''

- मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने वित्त वर्ष 2026–27 के लिए प्रस्तुत किया 54 हजार 928 करोड़ रुपये का बजट।
- विश्व जल दिवस पर प्रधानमंत्री का देशवासियों से हर बूंद के संरक्षण और उसके जिम्मेदार उपयोग का आह्वान।
- शिपकी–ला मार्ग से भारत–चीन सीमा व्यापार एक बार फिर पहली जून से होगा शुरू–सीमावर्ती क्षेत्रों में खुशी का माहौल।
- साहसिक पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए चम्बा जिला में एमटीबी चम्बा–2026 का आयोजन–दस राज्यों के 75 राइडर ले रहे भाग।

मुख्यमंत्री–बजट

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कल प्रदेश विधानसभा में वर्ष 2026–27 के लिए 54 हज़ार 2 सौ 28 करोड़ रुपये का बजट प्रस्तुत किया। ये बजट पिछले वर्ष की तुलना में 3 हज़ार 5 सौ 86 करोड़ रुपये कम है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आरडीजी बंद होने के कारण बजट का आकर बीते साल की तुलना में कम हुआ है। सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने प्रदेश के गंभीर आर्थिक संकट को देखते हुए मुख्यमंत्री के वेतन का 50 प्रतिशत जबकि उपमुख्यमंत्री व मंत्रिमंडल के सदस्यों के वेतन का 30 प्रतिशत अगले 6 महीने के लिए अस्थायी रूप से स्थगित करने की घोषणा की। उन्होंने विधायकों का 20 प्रतिशत वेतन जबकि सभी निगमों, बोर्डों के अध्यक्षों, उपाध्यक्षो, सलाहकारों व राजनीतिक तौर पर नियुक्त पदाधिकारियों के वेतन का 20 प्रतिशत और मुख्य सचिव, अतिरिक्त मुख्य सचिव और सभी प्रधान सचिवों का 30 प्रतिशत वेतन अगले 6 महीने के लिए अस्थायी रूप से स्थगित करने का ऐलान किया। इसी तरह सचिवों से लेकर विभागाध्यक्षों का 20 प्रतिशत वेतन भी अगले 6 महीने के लिए स्थगित कर दिया गया है।

मुख्यमंत्री–बजट–2

मुख्यमंत्री ने कहा कि डीजीपी, एडीजीपी के वेतन का 30 प्रतिशत जबकि आईजी स्तर से लेकर एसपी स्तर तक के पुलिस अधिकारियों का 20 प्रतिशत वेतन अगले 6 महीने के लिए स्थगित रहेगा। इसके अतिरिक्त वन विभाग में वन प्रमुख, पी.सी.सी.एफ. और एडिशनल पी.सी.सी.एफ का भी 30 प्रतिशत जबकि सी.सी.एफ., सी.एफ. व डी.एफ.ओ. स्तर तक के अधिकारियों का भी 20 प्रतिशत वेतन स्थगित रहेगा। इसके साथ ही ग्रुप–ए और बी के अधिकारियों के वेतन का 3 प्रतिशत हिस्सा अगले 6 महीने के लिए स्थगित कर दिया गया है, जबकि ग्रुप सी और डी के कर्मचारियों को वेतन बिना किसी कटौती के पहले की तरह मिलता रहेगा।

*यह जो बजट की परिकल्पना की गई है यह आत्मनिर्भर हिमाचल की बजट की परिकल्पना की गई इसमें ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने की दिशा में कोई भी कटौती नहीं की गई है, ऐजूकेशन में कोई कटौती नहीं की गई है, हैल्थ सेक्टर कोई कटौती नहीं गई है लेकिन आईपीएच, पी डब्ल्यू में भी बहुत कम कटौती नहीं की गई है लेकिन इसक स्वरूप को गांव बदलने की हमने कोशिश की है गांव के किसान के हाथ में पैसा जाए गाय पालक के हाथ में पैसा जाए निश्चित रूप से गांव की अर्थव्यवस्था को सुढ़ड करने के लिए यह एक महत्पूर्ण बजट है।*

किसान—बजट

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने अपने बजट भाषण में प्रदेश में राज्य किसान आयोग के गठन की घोषणा की है। यह किसान आयोग किसानों की समस्याओं को सुनने, उनके हितों की रक्षा करने और कृषि क्षेत्र को सशक्त करने के लिए कार्य करेगा।

हिमाचल प्रदेश फल सब्जी व फूल उत्पादक संघ के अध्यक्ष हरीश चौहान ने कहा कि प्रदेश सरकार ने बजट में किसानों—बागवानों व पशु पालकों को विशेष ध्यान रखा है। उन्होंने कहा कि किसान आयोग की घोषणा प्रदेश सरकार का स्वागत योग्य कदम है।

*हिमाचल प्रदेश सरकार ने जो एक कृषि आयोग बनाने की शुरूआत की है वह शुरूआत एक जो अच्छी शुरूआत है मेरा मानना यह है कि कृषि आयोग के बनाए फार्मर इनकम कृषि कमिशन बनाता और इनकल का एक नया चैप्टर शुरू होता लेकिन चलते कृषि की आय के लिए उसमें ज्यादा काम होता लेकिन आय के लिए उसमें ज्यादा काम होना था शुरूआत है अच्छी शुरूआत है स्वागत योग्य शुरूआत है दूध के लिए जो दाम बढ़ाए गए है गाय का दूध 51 रुपये से 61 रुपये कर दिया गया है भैंस का दूध का दाम 61 रुपये से बढ़ाकर 71 रुपये किया गया है ए—2 दूध का दाम 100 रुपये किया गया है हिमाचल सरकार ने स्वागत योग्य कार्य काम किया है।*

बजट घोषणा

मुख्यमंत्री ने अपने बजट भाषण में सभी वर्गों के लिए कई घोषणाएं कीं हैं। उन्होंने ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं को और सशक्त बनाने के लिए गाय के दूध का खरीद मूल्य 51 रुपये से बढ़ाकर 61 रुपये और भैंस के दूध का खरीद मूल्य 61 रुपये से बढ़ाकर 71 रुपये करने का ऐलान किया। सुखविंद्र सिह सुक्खू ने प्राकृतिक रूप से गेहूं का समर्थन मूल्य 60 रुपये से बढ़कर 80 रुपये प्रति किलो, मक्का का 40 रुपये से बढ़ाकर 50 रुपये, पांगी के जौ का समर्थन मूल्य 60 से बढ़ाकर 80 रूपये करने और हल्दी का समर्थन मूल्य 90 से बढ़ाकर डेढ़ सौ रुपए प्रति किलो करने की घोषणा की। उन्होंने अदरक को भी समर्थन मूल्य के तहत 30 रूपये प्रति किलो के हिसाब से खरीदने की घोषणा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि हिमाचल में एक लाख परिवारों को मुख्यमंत्री अपना सुखी परिवार योजना के तहत लाया जाएगा। उन्होंने इन परिवारों को 3 सौ यूनिट फ्री बिजली देने की घोषणा की। मुख्यमंत्री ने इन परिवारों की महिलाओं को तीसरे चरण में 15—15 सौ रुपये प्रति माह देने की भी घोषणा की। सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने राज्य में महिलाओं को 80 लाख से एक करोड़ रुपये तक की संपत्ति खरीदने पर केवल 4 प्रतिशत स्टाम्प ड्यूटी लगाने की घोषणा की। पहले 80 लाख से अधिक की संपत्ति खरीदने पर महिलाओं को 8 प्रतिशत स्टाम्प ड्यूटी देनी पड़ती थी।

प्रधानमंत्री—विश्व जल दिवस

विश्व जल दिवस के अवसर पर, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नागरिकों से पानी की हर बूंद के संरक्षण और उसके जिम्मेदार उपयोग को सुनिश्चित करने की अपनी प्रतिबद्धता को दोहराने का आह्वान किया है। सोशल मीडिया पर पोस्ट में, श्री मोदी ने कहा कि पानी जीवन का आधार है और पृथ्वी के भविष्य को आकार देता है।

प्रधानमंत्री ने सतत विकास में लगे हुए, जागरूकता फैलाने और जल संरक्षण की संस्कृति को बढ़ावा देने वाले लोगों की सराहना भी की।

शिपकी—ला

जिला किन्नौर में शिपकी—ला मार्ग से भारत—चीन सीमा व्यापार एक बार फिर पहली जून 2026 से शुरू होने जा रहा है। लंबे समय बाद इस व्यापार के पुनः आरंभ होने से सीमावर्ती क्षेत्रों में खुशी की लहर है और स्थानीय व्यापारियों में खासा उत्साह देखा जा रहा है। अधिक ब्यौरा हमारी किन्नौर जिला संवाददता से....

*केंद्र सरकार के निर्देशानुसार व्यापार को सुचारु रूप से संचालित करने के लिए जिला प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। पूह उपमंडल की नमज्ञा पंचायत के छुप्पन क्षेत्र में व्यापारियों के लिए गोदाम और दुकानों का निर्माण किया जाएगा, ताकि व्यापारिक गतिविधियों को बेहतर सुविधाएं मिल सकें। विकास खण्ड पूह के नमज्ञा पंचायत के प्रधान बलदेव सिंह ने बताया कि यह पहल प्रदेश सरकार और बागवानी एवं जन शिकायत निवारण मंत्री जगत सिंह नेगी के प्रयासों से संभव हो पाई है। इस व्यापार के तहत आटा, चावल, गुड़, तेल, हल्दी, मसाले, नमक, गलीचे, बर्तन और सूखे मेवे सहित करीब 40 प्रकार की वस्तुओं का आदान—प्रदान किया जाएगा। स्थानीय व्यापारियों को जागरूक करने के लिए पूह में विशेष कार्यशालाएं भी आयोजित प्रशासन द्वारा राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़े सभी पहलुओं का विशेष ध्यान रखा जा रहा है। गौरतलब है कि शिपकी ला सीमा व्यापार के फिर से शुरू होने से किन्नौर की क्षेत्रीय अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी आकाशवाणी के लिए किन्नौर से मैं सुमेश नेगी।*

एडवेंचर टूरिस्ट

चम्बा जिला में साहसिक पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए एमटीबी चम्बा 2026 कल शाम चम्बा जिला मुख्यालय से हुआ। हिमाचल प्रदेश पर्यटन विकास निगम और जिला साइकिलिंग एसोसिएशन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस माउंटेन बाइकिंग इवेंट में देश के 10 राज्यों और 20 से अधिक शहरों से लगभग 75 राइडर्स भाग ले रहे हैं। प्रतियोगिता को 5 श्रेणियों में आयोजित किया जा रहा है, जिनमें कुल 2.25 लाख की नकद पुरस्कार राशि निर्धारित की गई है। शहर के चारों ओर 8 किलोमीटर लंबी हेरिटेज राइड का आयोजन भी किया गया, जिसमें चंबा के प्रमुख ऐतिहासिक स्थलों को शामिल किया गया। उपायुक्त चम्बा मुकेश रेपसवाल ने कहा कि इस तरह के आयोजनों के माध्यम से चंबा को विश्व मानचित्र पर स्थापित करने का प्रयास किया जा रहा है।

नवरात्रि

चैत्र नवरात्र के चौथे दिन आज मां दुर्गा के चौथे स्वरूप कुष्मांडा की विशेष पूजा—अर्चना की जा रही है। मां कुष्मांडा को आदिशक्ति और सृष्टि की मूल ऊर्जा का स्त्रोत माना जाता है। मां का यह स्वरूप सुख, शांति और समृद्धि देने वाला और रोगों से मुक्ति और सकारात्मक ऊर्जा देने वाला है। प्रदेश के सभी शक्तिपीठों सहित अन्य मंदिरों में सुबह से ही श्रद्धालु माता के दर्शन करने पहुंच रहे है। वहीं विभिन्न मंदिरों और शक्तिपीठों में श्रद्धालुओं के लिए प्रशासन द्वारा सुविधा और सुरक्षा के लिए विशेष इंतजाम किए गए हैं।

एक नज़र अखबारों की सुर्खियों पर

आज समाचार पत्रों ने अलग—अलग खबरों को प्रमुखता दी है। अमर उजाला का शीर्षक है— अस्थायी कर्मियों पर राहत की फुहार, गांव का ख्याल। पंजाब केसरी की सुर्खी है—माननीय से लेकर अफसरों को 6 माह तक मिलेगा कम वेतन। दैनिक जागरण के शब्द हैं—जादू—तंगहाली में खुशहाली—सीएम, मंत्रियों, विधायकों व अधिकारियों के वेतन में कटौती। दिव्य हिमाचल लिखता है—ग्रामीण आर्थिकी में साहस भरता बजट। दैनिक भास्कर का कहना है —खर्चों पर लगाम, विकास को सलाम।

हिमाचल दस्तक के शब्द हैं–सुक्खू के चौथे बजट में दिखा गांव और गरीब। जबकि दैनिक सवेरा टाइम्स के मुताबिक–54 हजार 928 करोड़ का होगा हिमाचल का वित्तीय वर्ष 2026–27 का बजट।

''अंत में मुख्य समाचार एक बार फिर''

- मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने वित्त वर्ष 2026–27 के लिए प्रस्तुत किया 54 हजार 928 करोड़ रुपये का बजट।
- विश्व जल दिवस पर प्रधानमंत्री का देशवासियों से हर बूंद के संरक्षण और उसके जिम्मेदार उपयोग का आह्वान।
- शिपकी–ला मार्ग से भारत–चीन सीमा व्यापार एक बार फिर पहली जून से होगा शुरू–सीमावर्ती क्षेत्रों में खुशी का माहौल।
- साहसिक पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए चम्बा जिला में एमटीबी चम्बा–2026 का आयोजन–दस राज्यों के 75 राइडर ले रहे भाग।

——————————————,